दैनिक
# गुरूज्योति पत्रिका

सत्य का पुजारी हूं, भले ही छोटा ही सही, असत्य मेरे सामने टिकेगा नहीं

GET IT ON Google Play

Available on the App Store

# प्रशासन शहरों के संग अभियान पर समीक्षा बैठक, शिविरों में दिए जाएं अधिक से अधिक पट्टे- मुख्यमंत्री

### 15 जुलाई से पट्टे जारी करने के लिए विशेष अभियान

### लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

### पट्टे से वंचित परिवारों का घर-घर जाकर होगा सर्वेक्षण

गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत आम लोगों को आवासीय भूमि के पट्टे देने के कार्य को समय पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना पट्टे वाले घरों के नियमन में काफी रियायतें दी हैं, ताकि 15 जुलाई से शुरू हो रहे वार्डवार शिविरों में ज्यादा से ज्यादा पट्टे दिए जा सके। पहली बार इस अभियान में पट्टा जारी करने के लिए पूर्व की दरों से लगभग 85 प्रतिशत तक छूट दी गई है। निकायों के क्षेत्र में आ रही चारागाह व सिवायचक भूमि को निकायों को हस्तातंरित करने के निर्देश कलेक्टर्स को दे दिए गए हैं, ताकि उस पर बसी आबादी के पट्टे जारी हो सके। मुख्यमंत्री गुरूवार को अपने आवास पर प्रशासन शहरों के संग अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि सभी निकाय अपने राजस्व रिकॉर्ड यथाशीघ्र दुरूस्त कर लें, ताकि पट्टा वितरण में किसी तरह की अड़चन ना आए। अभियान के दौरान प्रशासन घर-घर जाकर मतदाता सूची के आधार पर पट्टा मिलने से वंचित परिवारों का सर्वेक्षण भी करेगा, ताकि जरूरतमंद लोगों को पट्टे जारी किए जा सके। उन्होंने कहा कि गरीब को न्याय देना हमेशा सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि कच्ची बस्तियां मजबूरी में बसती हैं और बाद में उनमें मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाता है। राज्य में कच्ची बस्तियों के नियमन और वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार गंभीर है। महिला के नाम से पट्टा जारी करने का निर्णय भी हमने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पट्टे जारी करने के लिए प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत अब प्रत्येक वार्ड में सार्वजनिक स्थल पर दो दिवस के कैम्प लगाए जाएंगे। हर सप्ताह में कलेक्टर एक बार नगर निकायों का दौरा कर इन कैम्पों का निरीक्षण करेंगे और संभागीय आयुक्त भी इस पर निगरानी रखेंगे। पट्टे जारी करने के लिए सरकार दे रही विशेष शिथिलताएं मुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत राज्य सरकार ने कृषि भूमि पर बसी कॉलोनियों के नियमन किए जाने की कट ऑफ डेट को 1999 से बढ़ाकर दिसम्बर, 2021 किया गया है। कट ऑफ डेट तक विकसित कॉलोनीयों को 70:30 अनुपात में रखकर ले-आउट प्लान स्वीकृत किया जा सकेगा। जिन कॉलोनियों में न्यूनतम 60 प्रतिशत भू-खण्डों पर निर्माण होकर लोग बस चुके हैं, वहां पर सड़क की चौड़ाई न्यूनतम 20 फीट सुनिश्चित करते हुए सर्वे के आधार पर पट्टे दिए जा सकेंगे। साथ ही, कच्ची बस्तियों के भी पट्टों की कट ऑफ डेट 2009 से बढ़ाकर दिसम्बर, 2021 कर दी है, ताकि लोगों को पट्टा मिल सके। जहां पहले कच्ची बस्ती में 10 वर्ष तक पट्टा बेचने पर पाबंदी थी, अब इसे घटाकर 3 वर्ष कर दिया गया है। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों की घनी आबादी में बने हुए पुराने मकानों का 501 रूपए में पट्टा देने के लिए धारा 69-ए में काफी शिथिलताएं दी गई हैं।



### लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों के समय पर निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को इन शिविरों में किसी तरह की परेशानी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पट्टे प्राप्त करने से होने वाले फायदों व पट्टे नहीं मिलने से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को बताया जाए, ताकि लोग पट्टे जारी कराने के प्रति जागरूक हों। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिविर में किसी भी तरह की समस्या व सुझाव देने के लिए जिला कलेक्टर कार्यलय में प्रकोष्ठ बनाए गए हैं। इन प्रकोष्ठ और हेल्पलाइन की जानकारी शिविर स्थल के बाहर बोर्ड लगाकर आमजन को दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने लॉन्च की प्रशासन शहरों के संग अभियान की वेबसाइट

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन शहरों के संग अभियान की वेबसाइट भी लॉन्च की। इस वेबसाइट पर अभियान से संबंधित विभिन्न आदेश, परिपत्र आदि उपलब्ध हैं, जिससे आमजन को एक जगह पर अभियान से संबंधित सारी जानकारी प्राप्त हो सकेगी। गौरतलब है कि पूर्व में इस अभियान के अन्तर्गत 3.5 लाख पट्टे जारी किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त अन्य सेवाओं के कुल 13 लाख 22 हजार प्रकरणों का भी निस्तारण किया गया। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के शिविरों के कुशल संचालन के लिए अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं तथा कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। मुख्य सचिव मती ऊषा शर्मा ने कहा कि पहली बार पट्टे देने की प्रक्रिया में इतनी शिथिलताएं दी जा रही हैं, ताकि आमजन को राहत मिल सके। बैठक के दौरान यूडीएच सलाहकार जी. एस. संधू, प्रमुख सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख शासन सचिव यूडीएच कुंजीलाल मीणा, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त रवि जैन, स्वायत्त शासन सचिव जोगाराम, स्थानीय निकाय निदेशक ह्रदेश शर्मा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर आयुक्त महेन्द्र सोनी एवं नगर निगम हैरिटेज आयुक्त विश्राम मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेशभर से विभिन्न निकायों के महापौर, सभापति व अध्यक्ष, आयुक्त, अजमेर/जोधपुर विकास प्राधिकरण, सभी जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार आदि वीसी के माध्यम से जुड़े।

## छोटी-बड़ी खबरे...

### पंजाबी सिंगर दलेर मेहंदी गिरफ्तार



गुरूज्योति पत्रिका/चंडीगढ़

मशहूर पंजाबी सिंगर दलेर मेहंदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दलेर मेहंदी पर 2003 में कबूतरबाजी का केस दर्ज हुआ था। इसमें उन्हें पहले 2 साल कैद हुई थी। सजा को उन्होंने पटियाला के सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। वहां भी सजा बरकरार रहने की वजह से उन्हें गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। दलेर को अब सजा काटने के लिए पटियाला सेंट्रल जेल भेजा जाएगा। पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिद्धू भी इसी जेल में बंद हैं। दलेर मेहंदी के खिलाफ 2003 में केस दर्ज हुआ था। करीब 15 साल की सुनवाई के बाद 2018 में पटियाला की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें 2 साल कैद और 2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। सजा 3 साल से कम होने की वजह से दलेर मेहंदी को उसी वक्त जमानत मिल गई। इस केस में आरोपी बुलबुल मेहता को बरी कर दिया गया था। वहीं शमशेर सिंह और ध्यान सिंह की मौत हो चुकी है।

### ओम बिरला बोले- किसी भी शब्द पर प्रतिबंध नहीं लगाया, हमने कागजों की बचत के लिए इसे इंटरनेट पर डाला



गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि ये प्रक्रिया काफी लंबे समय से चली आ रही है। 1954 से असंसदीय शब्दों को हटाने के प्रक्रिया चल रही है। पहले इस तरह के असंसदीय शब्दों की एक किताब का विमोचन किया जाता था, हमने सिर्फ कागजों की बर्बादी से बचने के लिए इसे इंटरनेट पर डाल दिया है। संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में शब्दों के इस्तेमाल को लेकर नई गाइडलाइंस जारी हुई हैं। लोकसभा सचिवालय ने असंसदीय शब्द 2021 शीर्षक के तहत ऐसे शब्दों और वाक्यों की लिस्ट तैयार की है, जिन्हें 'असंसदीय अभिव्यक्ति' की श्रेणी में रखा गया है। इसको लेकर विपक्ष के हंगामें के बीच लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बयान दिया है।

### 25 राज्यों में बारिश से अब तक 218 मौतें: गुजरात में 24 घंटों में 14 की जान गई

गुरूज्योति पत्रिका/मुंबई

महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल समेत देश के 25 राज्यों में बारिश हो रही है। गुजरात में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 14 लोगों की जान चली गई। महाराष्ट्र में अब तक 84 लोग मारे गए हैं। इस तरह बाढ़ और भूस्खलन जैसे हादसों में अब तक 218 लोगों की जान जा चुकी है। तेलंगाना में बुधवार को रिकॉर्ड 68.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। छत्तीसगढ़ में 35.8 मिमी और महाराष्ट्र में 43 मिमी बारिश हुई। देश में अब तक औसत से 11त्न अधिक बारिश हो चुकी है। लगातार बारिश की वजह से महाराष्ट्र के चंद्रपुर शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

# वर्चुअल शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी बोले- कॉपरेटिव फ्रेमवर्क व्यावहारिक सहयोग का एक अच्छा मॉडल

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली।




पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि I2U2 से हम वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को I2U2 वर्चुअल शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज की इस पहली समिट से ही I2U2 ने एक सकारात्मक एजेंडा स्थापित कर लिया है। हमने कई क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाएं की पहचान की है, और उनमें आगे बढ़ने का रोडमैप भी बनाया है। I2U2 फ्रेमवर्क के तहत जल, ऊर्जा, परिवाहन, स्वास्थ्य, स्पेस और खाद्य सुरक्षा के लिए 6 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त निवेश बढ़ाने के लिए सहमत हुए हैं। बढ़ती हुई वैश्विक अनिश्चिताओं के बीच हमारा कॉपरेटिव फ्रेमवर्क व्यावहारिक सहयोग का एक अच्छा मॉडल है। मुझे पूरा विश्वास है कि I2U2 से हम वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान करेंगे।

### बाइडन ने कही यह बात

I2U2 समूह की पहली नेताओं की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि आज हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं उनमें तेजी से जलवायु संकट या बढ़ती खाद्य असुरक्षा शामिल है... यूक्रेन के खिलाफ रूस के क्रूर हमले से अस्थिर बाजारों को और भी बदतर बना दिया गया है।

### यायर लापिड का बयान

आई२यू२ समूह की पहली नेताओं की बैठक में इस्राइल के प्रधानमंत्री यायर लापिड ने कहा कि वास्तविक समाधान केवल उन देशों के माध्यम से आएगा जो संसाधनों को एक साथ लाना जानते हैं। हम दुनिया को बेहतर के लिए बदलना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य निजी बाजार को भागीदार बनाना है। 4 अलग-अलग देश होने के बावजूद यह स्पष्ट है कि हम सभी एक ही चीज चाहते हैं जिसमें बुनियादी ढांचे का विकास, बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शामिल है और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना है।




# शिंदे सरकार का बड़ा फैसला, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के लिए सभी तरह की मंजूरी दी

गुरूज्योति पत्रिका/मुंबई।





महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज जनता के लिए कई बड़े फैसले लिए है। राज्य में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को और रफ्तार मिलने वाली है। महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने आज मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के लिए सभी तरह की मंजूरी दे दी। कैबिनेट की बैठक के बाद महाराष्ट्र के डिप्टी सीमा देवेंद्र फडणवीस ने इस बात की जानकारी दी है। आज कैबिनेट की बैठक के बाद एकनाथ शिंदे ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ मीडिया से बातचीत में फैसले का ऐलान किया। देश की पहली बुलेट ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलेगी। इसको लेकर तैयारि?यां तेजी से चल रही हैं। देश के लोग भी बुलेट ट्रेन चलने का इंतजार लंबे समय से कर रहे हैं। बता दें कि मुंबई और अहमदाबाद के बीच 320 किमी प्रत? घंटा की रफ्तार से बुलेट ट्रेन चलाने का प्रस्ताव है। दोनों शहरों के बीच कुल 508 किमी की दूरी है और इसमें 12 स्टेशन होंगे। बुलेट ट्रेन से दोनों राज्यों के बीच यात्रा का समय घटकर तीन घंटे रह जाएगा। इससे यात्री का भी समय बचेगा। अभी इसमें छह घंटे का समय लगता है। इस प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत 1.1 लाख करोड़ रुपये है। इससे पहले महाराष्ट्र में महंगाई की मार झेल रही आम जनता को शिंदे सरकार ने बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पेट्रोल के दाम 5 रुपये और डीजल के दाम 3 रुपये घटाने का ऐलान किया है। सूबे में आज हुई कैबिनेट बैठक में पेट्रोल-डीजल पर वैट टैक्स घटाया गया है। सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस फैसले से राज्य सरकार को 6 हजार करोड़ रुपये का बोझ झेलना पड़ेगा। हमने यह फैसला आम लोगों को राहत देने के लिए लिया है। शिंदे ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ऐसे फैसले लेगी जिससे भविष्य में लोगों को राहत मिले। एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज की बैठक में सरकार ने जनहित में कुछ फैसले लिए हैं।

## महाराष्ट्र में 1975 की इमरजेंसी के समय जेल गए लोगों को मिलेगी पेंशन

गुरूज्योति पत्रिका/मुंबई(एजेंसी)।

महाराष्ट्र की नई सरकार ने आज आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने का ऐलान किया है। राज्य में पेट्रोल पांच रुपये और डीजल तीन रुपये सस्ता हो गया है। साथ ही सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने साल 1975 में लगी इमरजेंसी के समय जिन लोगों को जेल में बंद किया गया था उन्हें अब पेंशन दी जाएगी। महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने साल 1975 में लगी इमरजेंसी के समय जिन्हें भी जेल में बंद किया गया था उन्हें पेंशन देने का ऐलान किया है। राज्य में कुल 3600 ऐसे लोग अभी हैं। डिप्टी मुख्यमंत्री के पिता भी दो साल और दो महीने उस वक्त जेल में रहे थे। पेट्रोल-डीजल की बात की जाए तो सरकार ने इसके संकेत पहले ही दे दिए थे। वहीं शिंदे सरकार ने किसानों को लेकर भी बड़ा ऐलान किया है। सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि जो किसान नियमित तौर पर कर्ज का भुगतान करते हैं उन्हें 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया था। इसमें जिन किसानों की पूर्व परिस्थिति में नुकसान भरपाई सरकार ने की थी उन्हें शामिल नहीं किया गया था, अब ऐसे किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। गौर हो कि शिंदे सरकार के तेल के दामों को कम करने के ऐलान के साथ ही पेट्रोल अब 106.35 रुपये में लोगों को मिलेगा। जिसकी कीमत अभी 111.35 रुपये प्रति लीटर है। जबकि डीजल की कीमत 97.28 रुपये प्रति लीटर फिलहाल है जो 94.28 रुपये लीटर लोगों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को अब और भी रफ्तार मिलने वाली है। सीएम एकनाथ शिंदे की सरकार ने आज इस प्रोजेक्ट के लिए सभी तरह की मंजूरी दे दी है। कैबिनेट की बैठक के बाद डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने यह जानकारी दी है।

# सोन तालाब में डूबे मासूम का बीएसएफ के जवानों ने निकाला शव, पांच घंटे के रेस्क्यू के बाद निकाला शव

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**बाड़मेर।** सिटी की सोन नाडी में नहाने उतरे दो बच्चे में से एक बच्चा डूब गया। एक बच्चे को वहां से निकल रहे व्यक्ति ने बचा लिया, लेकिन दूसरा गहराई में चला गया। सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची। बच्चे को नाडी में से बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया । करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीमों ने बच्चे का शव बाहर निकाला । वहीं दूसरी ओर बच्चे की डूबने की बात फैलने से आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा गई ।



नाडी में गोताखोर बच्चे को ढूंढते हुए

### हादसे के पहलू

सिटी की सोन नाडी में कुछ स्कूली स्टूडेंट्स नहाने के लिए सोन नाडी में आए थे। इस दौरान चार बच्चों में से दो बच्चे वहां से वापिस चले गए है। दो बच्चे पानी में स्नान करने के लिए उतरे थे। नाडी में चिकनी मिट्टी होने के कारण स्टूडेंट्स डूब रहे थे। वहां से गुजर रहे व्यक्ति ने डूबते बच्चों को बाहर निकालने के लिए अंदर छलांग लगाई। उसमें एक बच्चे को बाहर निकाल दिया गया था । बच्चें को बाड़मेर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया । वहीं दीपक सिह 17 वर्षीय पुत्र स्वरूपसिंह नाडी में डूब गया। जिसकी सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची। गोताखोरों को नाडी में उतार गया है। बच्चे की तलाश में जुटी । मौके पर गो सेवा आयोग अध्यक्ष एवं विधायक मेवाराम जैन, तहसीलदार प्रेमसिह माचरा, डीएसपी आनंदसिह राजुपरोहित, सिटी कोतवाली पुलिस सहित पुलिस व प्रशासन के आलाधिकारी मौके उपस्थित रहे । नाडी पर विधायक मेवाराम जैन, डीएसपी आनंद पुरोहित सहित अधिकारी पहुंचे मौके पर।

### पिता का कहना है

सुबह दीपक सिंह घर से स्कूल के लिए निकला था। मुझे करीब 12 बजे सूचना मिली थी कि बच्चा नाडी में डूब गया है। बच्चा यहां कैसे पहुंचा इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं सुबह जल्दी काम पर निकल गया था। सूचना के बाद यहां पर पहुंचा है। -

**स्वरूप सिंह (मृतक दीपक सिंह के पिता)**

### पांच घंटों तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, निकाला शव

पुलिस व सिविल डिफेंस की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया । पांच घंटों तक आठ गोताखोरों द्वारा बच्चे की तलाश में जुटे रहे । नाडी में 10-12 फीट गहरा पानी है। नाडी में पानी चार दिन पहले हुई बारिश से आया था । अंत में बड़ी मशक्कत के बाद टीमों में सफलता हासिल कर बच्चे का शव बाहर निकाला ।

## तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर कई वर्षों से बाधित रास्ता खुलवाया



**गुरूज्योति पत्रिका/कवास।** क्षेत्र के भुरटिया का मामला जो कि विवादित रास्ता भुरटिया से करनोणी डऊकियों की ढाणी एवं धूड़ोणी मेघवालों की ढाणी को जाने वाला का रास्ता काफी समय से बाधित था सरपंच सहित तहसीलदार मौके पर पहुंच पडौसियों से समझाइस कर रास्ता को खुलवाया।लेकिन इस मौके भोमाराम तहसीलदार, भारुराम नायब तहसीलदार, तेजकरण RI, भुरटिया हल्का पटवारी पुरखाराम, सरपंच प्रतिनिधि उत्तमचंद खोथ, पूर्व सरपंच मनोज थोरी, हिन्दूसिंह, जगसिंह, मूलाराम, सालुराम, सिमरथाराम, लालाराम, अर्जुनराम, नरसिंह शर्मा वार्ड पंच,भोमाराम, रामाराम, बांकाराम, हरचंद बरवड़ समस्त भुरटिया ग्रामवासियों की मौजूदगी में रास्ते को खुलवाया ।

## शोकाकुल परिवारों से मिले विधायक राजपुरोहित ने दी परिवार को सांत्वना



**गुरूज्योति पत्रिका/आहोर।** आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित गुरूवार को आहोर विधानसभा क्षेत्र के रोड़ला ग्राम पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले व परिवारजनों को इस दुख्व की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए परिवारजनों से मिले। ग्राम रोड़ला के धन्नाराम कुमावत व मांगीलाल गर्ग के परिवारजनों से मुलाकात कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए परिवारजनों को इस दुख की घड़ी में मिलकर सांत्वना दी। इस मौके आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित,इन्द्रसिंह भागली, भंवरपुरी गोस्वामी, भीखाराम वावदरा, विरमसिंह, संजय कुमावत, गुलाबचंद वावदरा, अनराज सुथार, गणेश कुमावत, हिम्मत माधव, मोडाराम कुमावत , सुरेश गर्ग सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया



**गुरूज्योति पत्रिका/आसोतरा।** श्री खेतेश्वर ब्रह्मधाम तीर्थ आसोतरा में आयोजित शिव महापुराण कथा का गुरूवार को वेदांताचार्य डॉ ध्यानाराम जी महाराज ने शुभारंभ किया गया। पहले दिन वेदांताचार्य डॉ ध्यानाराम जी महाराज ने शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव आराधना सबसे फलदायी होती है। सच्चे मन से शिव की आराधना करने से मनुष्य सब पाप से मुक्त हो जाता है। शिवलिंग पर बेलपत्री चढ़ाने मात्र से ही मनुष्य का इस लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। इस दौरान सिवाना प्रधान मुकन सिंह राजपुरोहित, गिरधारी सिंह सिंहा सहित भक्तगण मौजूद रहे। महाशिवपुराण कथा का आयोजन 14 जुलाई से 12 अगस्त रोज सुबह 9.00 बजे से 12.30 बजे तक व सांय 4.30 बजे से 6.00 बजे तक किया जायेगा। इसका सीधा प्रसारण यूट्यूब व ब्रह्मधामतीर्थ आसोतरा की वेबसाईट पर किया जायेगा।

## सीआरपीएफ में तबादले, अधिकांश मांगें मानीं : आइजी सहगल

**गुरूज्योति पत्रिका/जोधपुर।** सीआरपीएफ ने जवान नरेश कुमार जाट के आत्महत्या के मामले में तीन साथी जवानों का असम, महाराष्ट्र व दक्षिण भारत में तबादला कर किया है। अधिकांश मांगें भी मान ली गई हैं। सीआरपीएफ के महानिरीक्षक विक्रम सहगल मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन दी जाएगी। पुत्री के बालिग होने पर सीआरपीएफ में अनुकंपा नौकरी मिलेगी। 12वीं तक की पढ़ाई का खर्चा सीआरपीएफ वहन करेगा। मृतक जवान का शव गांव ले जाते ही पचास हजार रुपए तुरंत दिए जाएंगे। 25 लाख रुपए का चेक बना दिया गया है। वह भी सुपुर्द कर दिया जाएगा। मृतक के खाते में जो भी छुट्टियां जमा हैं उनका भुगतान होगा। ग्रेच्युटी व अन्य परिलाभ भी दिए जाएंगे। करीब 30-35 लाख रुपए का भुगतान होगा। इसके अलावा जिन साथी जवानों पर आरोप है कि उनमें से तीन जवानों के तबादले किए गए हैं। इन्हें तुरंत रिलीव भी कर दिया गया है। परिवार सहित साथ में लंच का भरोसा दिलाया था 11 जुलाई की सुबह 5 से सवा ग्यारह बजे तक सीआरपीएफ के आइजी सहगल ने तीन-चार मर्तबा नरेश जाट से मोबाइल पर बात की थी। साथी अधिकारी रामचन्द्र जाट ने भी चार बार बात की थी। आइजी ने नरेश को इतना आश्वस्त किया था कि वो बाहर आता है तो उसके पूरे परिवार के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। आइजी का अनुरोध, जवान के शव का अपमान न करें आइजी ने परिजन से अनुरोध किया है कि दिवंगत जवान की आत्मा की शांति के लिए जल्द से जल्द दाह संस्कार कराएं।

## राजपुरोहित समाज को नशा मुक्त करने के लिए सभा का शंखनाद

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com




**मोदरान।** राजपुरोहित समाज की युवा पीढ़ी द्वारा नशा मुक्त संकल्प लेकर आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए आज पाली जिले के खेरवा गांव मे राजपुरोहित समाज के युवाओं द्वारा संकल्प लिया गया और इस मुहिम को राजपुरोहित समाज के हर गांव गांव में लागू करने की अपील की गई। जिससे आने वाले समय में राजपुरोहित समाज की युवा पीढ़ी नशा मुक्त बन सके।

### युवाओं से तन-मन से जुड़ने का आह्वान

राजगुरु राजेन्द्र सिंह खेरवा ने युवाओ व विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशा मुक्त भारत अभियान की इस मुहिम के साथ तन-मन से जुड़ें और राजपुरोहित समाज को नशा मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि गांव या आसपास के क्षेत्र व जान-पहचान के लोगों को भी नशा मुक्त अभियान के बारे में जानकारी दें। सही रास्ते पर चलते हुए सही ढंग से अपने कार्यों को अंजाम देना है और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके लिए कड़ी मेहनत करें। खाली बैठकर अपना समय बर्बाद ना करें। सकारात्मक सोच के साथ राजपुरोहित समाज व राष्ट्र के नव निर्माण के लिए कार्य करें। विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ खेलकूद व घर, खेती बाड़ी के कार्यों में अपने परिवार का सहयोग करें।

## भाजयुमो राजस्थान ने कन्हैयालाल के परिवार को सौंपे पांच लाख रूपए सहायतार्थ

### भाजयुमो प्रतिनिधी मण्डल जालोर ने सहायतार्थदिए सौंपे 65000 रूपए

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** उदयपुर में हुई कन्हैयालाल हत्याकांड के पश्चात देश भर से उनके परिवार हेतु आर्थिक सहायता राशी प्रदान की जा रही है। इसी कडी में भाजयुमो राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में 5,00,000/-पांच लाख रूपये की राशी सहायतार्थ प्रदान की एवं जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार जिले भर से पदाधिकारीयो द्वारा एकत्रित की गई आर्थिक सहयोग राशि (65,302/-) रुपये की धनराशी एकत्रित कि गई। जिसे भाजयुमो जालोर प्रतिनिधि मण्डल द्वारा भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष की उपस्थिति में कन्हैयालाल के परिवार को सौंपी गई। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने उदयपुर में दिवंगत कन्हैयालाल जी के घर पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अशोकसिंह जैतावत, जिला मंत्री राहुल व्यास, जिला मंत्री विकास सोलंकी, जीवाणा मण्डल अध्यक्ष दशरथ सिंह भाटी, भीनमाल नगर महामंत्री नटवर त्रिवेदी,भंवर जी सोलंकी, दिग्विज यसिंह देवड़ा एवं हेमन्त मकवाणा मौजूद रहे।

## बाड़मेर में रेलवे प्लेटफॉर्म पर दो बाइक सवार शव रखकर फरार, जांच में जुटी पुलिस

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**बाड़मेर।** शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।
दो अलग-अलग रास्तों से दो बाइक आती है। दोनों बाइक से एक-एक बदमाश उतर कर बाइक पर बैठे मरे व्यक्ति को प्लेटफॉर्म के नीचे खंभे के सहारे छोड़कर वहां भाग जाते है। घटना बाड़मेर सिटी के गांधी नगर स्थित रेलवे के पुराने प्लेटफार्म की है। युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस व डीएसपी आनंदसिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

### 15 मिनट तक देखा तो किसी तरह का व्यक्ति में मूवमेंट नहीं था

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रात को करीब 11 बजे हम लोग पढ़ाई कर रहे थे। इस दौरान हमने देखा कि दो बाइक आई दो लोग बाइक से नीचे उतरकर व्यक्ति (मृतक) को बाइक से नीचे उतार कर उठाकर पुराने प्लेटफॉर्म के नीचे खंभे के सहारे बैठाकर वहां से भाग गए। हम लोगों ने वहां पास में जाकर 15 मिनट तक देखा तो किसी तरह का व्यक्ति में मूवमेंट नहीं था। स्टूडेंट्स ने मकान मालिक व आसपास के लोगों को फोन करके बोला और पड़ोसी भी वहां पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई। करीब आधे घंटे बाद डीएसपी आनंद सिंह, कोतवाली पुलिस एसआई लूणाराम मय जाब्ता पहुंचे।



### शरीर पर चोट के निशान नहीं

कोतवाल एसआई लूणाराम के मुताबिक रेलवे प्लेटफार्म खंभे के सहारे बैठा हुआ है। युवक की मौत हो चुकी है। युवक के शरीर पर चोट के निशान नहीं नजर आए है। युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों ने बताया कि दो बाइक पर आए थे और यहां छोड़ कर चले गए है।

### आसपास के लोगों से की पूछताछ

डीएसपी आनंद सिंह मौके पर पहुंचे कर आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई है। पुलिस आसपास की गलियों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। इस घटना के दरम्यिान वहां से कौन-कौन गुजरा था। वहीं पुलिस मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

## आमजन की शिकायतों का समय रहते हो निस्तारण-एसडीएम

### ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में अवैध शराबबंदी की उठी मांग

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**देसूरी।** देसूरी पंचायत समिति के सभागार में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन उपखण्ड अधिकारी राजलक्ष्मी गहलोत की अध्यक्षता व अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं को गम्भीरता से लेकर समय पर निस्तारण करे। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान अवैध प्लॉटिंग,बिजली खम्भो को हटाना,बरसाती जल स्त्रोतों का रखरखाव,आंगनबाड़ी केंद्र पर मरम्मत, स्कूल की चारदीवारी जैसे कई समस्याएं सुनी।
इसी बीच ढालोप व ढेलड़ी गांव में चल रही अवैध शराब को लेकर शिकायत दी। जिस पर एसडीएम ने आबकारी विभाग को फटकार लगाते हुए कार्यवाही कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। साथ ही देसूरी उपखण्ड क्षेत्र में चल रही शराब की दुकानों की सूची उपलब्ध करवाने को कहा। बाद में ढेलड़ी गांव से आये ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होकर भी पीड़ा बताई। जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी ने सादड़ी में वन क्षेत्र में सड़क सम्बंधित कार्य मे आ रही अड़चनों की जानकारी ली। जनसुनवाई में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने हैंडपंप खुदाई कर दौरान ग्राम पंचायत को जानकारी नही देने का आरोप लगाया। उपखण्ड अधिकारी राजलक्ष्मी गहलोत ने फ्लैगशिप योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। केसुली सरपंच ने अटाटिया गांव को जनता जल योजना में जोड़ने की व रामपुरा ढाणी गांव में बीच सड़क लगे विद्युत पोल हटाने की मांग की।

### इनकी रही मौजूदगी

उपखण्ड अधिकारी राजलक्ष्मी गहलोत,तहसीलदार कैलाश ईनाणीया,विकास अधिकारी मनहर विश्नोई,सादड़ी नगरपालिका ईओ भंवरलाल पटेल,देसूरी थानाधिकारी मुकेश कुमार,सादड़ी थानाधिकारी सुरजाराम,पशु चिकित्सक नथाराम चौधरी,रेंजर करणसिंह,आबकारी एएसआई बाघसिंह,देसूरी सरपंच केसाराम भील,केसुली सरपंच जयदेवसिंह,मांडीगढ़ सरपंच लकमाराम जाट,देसूरी उपसरपंच भवानीसिंह राठौड़ समेत विभागीय अधिकारी व परिवादी मौजूद थे।

## एसडीआरएफने पार्वती नदी में बहे 30 वर्षीय युवक के शव को बरामद करने में सफलता प्राप्त की

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**बारां।** पुलिस कन्ट्रोल रूम बारां से एसडीआरएफ बी कम्पनी कोटा की मानसून सत्र 2022 के दौरान बाढ बचाव हेतु जिला बारां में तैनात रेस्क्यू टीम बी-3 प्रभारी हैड कानि0 मोरपाल को पुलिस थाना किशनगंज जिला बारां के अन्तर्गत पार्वती नदी की पुरानी पुलिया से एक युवक नदी में बह जाने की सूचना मिली । सूचना पर रेस्क्यू टीम प्रभारी ने एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम को दी, एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम ने कमाण्डेन्ट राज कुमार गुप्ता ने टीम प्रभारी बारां को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिये। रेस्क्यू टीम बी-3 प्रभारी 11 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सांय 06:15 बजे घटनास्थल के लिए रवाना हुए। सांय 06:50 बजे घटनास्थल पर पहुँचकर टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि पुलिस थाना किशनगंज जिला बारां के अन्तर्गत पार्वती नदी पर बनी पुरानी पुलिया पर स्नान के दौरान तेज बहाव के कारण बह गया है। पुलिया के पास नदी की गहराई अधिक नहीं है किन्तु पानी का बहाव बहुत तेज है। मध्य प्रदेश में भारी वर्षा के कारण बारां क्षेत्र की नदियां उफान पर है। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट ने टीम कमाण्डर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये एवं गणपति महावर डिप्टी कमाण्डेन्ट, यशोधन पाल सिंह सहायक कमाण्डेन्ट तथा एकता हाडा कम्पनी कमाण्डर को ऑपरेशन के निकटम सुपरवीजन हेतु नियुक्त किया।

## जोधपुर मंडल रेलवे की नई पहल, अब यात्रियों को कुल्हड़ में मिलेगी चाय

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के स्टेशनों पर अब कुल्हड़ में चाय दी जाएगी। जोधपुर मंडल के सात स्टेशनों की खानपान इकाइयों पर पेपर कप के साथ.साथ अब कुल्हड़ वाली चाय भी मिलेगी। इसकी प्रमुख वजह खाद्य सामग्रियों की बिक्री के लिए पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को तरजीह देने के प्रयास है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जितेंद्र मीणा ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय के निर्देशन में जोधपुर मंडल के साथ स्टेशनों जिसमें जोधपुर, पाली, मारवाड़, बाड़मेर, नागौर, जैसलमेर, भगत की कोठी और लूणी स्टेशनों पर कुल्हड़ में चाय उपलब्ध करवाई जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर पर्यावरण अनुकूल खानपान उत्पादों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। साथ ही स्टेशनों पर अधिक से अधिक मिट्टी के बर्तनों का उपयोग किया जाए, ताकि स्वच्छता के साथ पर्यावरण को भी संरक्षित किया जा सके। वर्तमान में स्टेशनों पर पेपर कप व कुल्हड़ दोनों में से किसी में यात्रियों की मांग के अनुसार चाय सर्व की जाएगी। यात्री अब मंडल के अतिरिक्त 7 स्टेशनों ( मेड़ता रोड, डेगाना, डीडवाना, सुजानगढ़, मकराना, फलोदी और समदड़ी ) पर कुल्हड़ में चाय पीने का आनंद ले सकेंगे।

# गुरूज्योति पत्रिका

## SOCIAL MEDIA LINK

| | |
|---|---|
| ❖ WhatsApp News Group | Join Now |
| ❖ WhatsApp E-Paper | click here |
| ❖ Telegram | click here |
| ❖ Facebook | click here |
| ❖ Instagram | click here |
| ❖ Twitter | click here |
| ❖ YouTube | click here |
| ❖ Send News | click here |
| ❖ Website | Visit Now |
| ❖ E-paper site | click here |
| ❖ Google Play App | Download Now |

## सम्पादकीय

### हकीकत में महंगाई

जून में जो महंगाई दर नीचे आई है, उसका कारण सब्जियों के दामों में खासी गिरावट बताया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जून महीने के खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी कर दिए हैं। मई के मुकाबले जून में महंगाई की दर थोड़ी कम हुई। मई में महंगाई दर 7.04 फीसद थी जो जून में नाममात्र की गिरावट से 7.01 फीसद पर आ गई। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो महंगाई दर कम तो हुई है। सरकार के लिए यह राहत की बात हो सकती है। लेकिन सवाल है कि जून में महंगाई कम होने का क्या वाकई कोई असर दिखा? क्या आम आदमी को जरा भी लगा कि चीजों के दाम कम होने लगे हैं? बल्कि जिस तेजी से ईंधन और बिजली के दाम बढ़ रहे हैं, उससे तो लगता नहीं कि महंगाई कम हो रही है। जून में जो महंगाई दर नीचे आई है, उसका कारण सब्जियों के दामों में खासी गिरावट बताया गया है। दालों के भी दाम कम हुए हैं। जबकि अनाज के दाम साढ़े पांच फीसद और फल तीन फीसद ऊपर ही रहे। महंगाई में यह कमी इसलिए भी दिख रही है कि खुदरा महंगाई दर में साठ फीसद हिस्सा खाने-पीने की चीजों का होता है। लेकिन ईंधन और बिजली के वर्ग में दाम दस फीसद से ज्यादा बढ़ गए। निश्चित ही इससे आम आदमी की जेब पर बोझ और बढ़ेगा। अब देखने की बात यह है कि महंगाई दर में कमी का यह रुख जुलाई में बना रहता है या नहीं। हालांकि खुदरा महंगाई दर अभी भी रिजर्व बैंक के निर्धारित दो से छह फीसद के दायरे से ऊपर ही बनी हुई है। वैसे भी रिजर्व बैंक कहता रहा है कि यह पूरा साल महंगाई में ही गुजरेगा और खुदरा महंगाई दर के नीचे आने के अभी आसार हैं नहीं। जो कुछ असर दिखेगा, वह चौथी तिमाही में जाकर ही दिखेगा। फिर इसी महीने से कई वस्तुओं पर बढ़ा हुआ जीएसटी लागू होने जा रहा है। हाल में जीएसटी परिषद ने पैकेट में आने वाले दूध, दही, छाछ, पनीर, आटा, मुरमुरे, सोयाबीन, मांस-मछली जैसी चीजों को पांच फीसद कर दायरे में ला दिया है। ये सारी चीजें वे हैं जो आम आदमी की रसोई से जुड़ी हैं। जीएसटी की ये दरें चार दिन बाद लागू हो जाएंगी। जाहिर है, अब गरीब को अपनी जेब से पैसा और निकालना पड़ेगा। यानी जुलाई में खुदरा महंगाई को बढ़ने से रोक पाना किसी के हाथ में नहीं होगा। सरकार खुश हो सकती है कि महंगाई दर नीचे आई।

**संतोष चन्द्र, प्रधान संपादक (गुरुज्योति पत्रिका)**

## अघोषित बिजली कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को ग्रेनाइट एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर ने औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत सप्लाई का बार बार अघोषित बिजली कटौती की समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता को ग्रेनाइट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी के नेतृत्व में उद्यमियों ने सौंपा ज्ञापन लगातार हो रही विद्युत कटौती को लेकर गुरुवार को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि विद्युत कटौती की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है, जिस कारण ग्रेनाइट मालिको एवं आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपते वक्त काफी संख्या में उधमी मौजूद थे।

## ट्रेन के आगे कूदकर युवक-युवती ने की खुदकुशी

**गुरूज्योति पत्रिका/राजगढ़, अलवर।** पुलिस थाना क्षेत्र के गोठ गांव के समीप गुरुवार सुबह एक युवक -युवती का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम-प्रसंग के चलते खुदकुशी करने का सामने आ रहा है। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक लोकेश सेन पुत्र राजेंद्र सेन राजगढ़ क्षेत्र के ईशवाना गांव व नाबालिग युवती दौसा क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। दोनों तीन-चार दिन से लापता थे। शवों को पोस्टमार्टम करवा दिया गया। वहीं लड़की के घरवालें मामले की पूरी जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे।

## कुएं में गिरे मोर की बचाई जान



**गुरूज्योति पत्रिका/रैणी,अलवर।** उपखण्ड के समीप पाड़ली गाँव में गुरूवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुंए मे गिरा देख लोग एकत्रित हो गए। पाड़ली गाँव के जागरूक युवाओ ने तुरंत वन विभाग टीम को कुंए मे गिरे मोर की सुचना मुहैया कराई जिससे वन विभाग टीम मौके पर पहुंची। पाड़ली गाँव के जागरूक युवाओ ने वन विभाग टीम के साथ मिलकर मोर को कुंए से बाहर निकालकर उसका उपचार किया। इस मौके पर पाड़ली गाँव के सामाजिक कार्यकर्ता अंकित पाडली, देवीराम पाडली, कंचन पाडली, रिंकू रॉयल पाडली, आकाश पाडली, राजपाल पाडली,अशोक पाडली, अंकेश पाडली, प्रमोद पाडली, पायलट पाडली आदि युवा उपस्थित रहे ।

# उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का हुआ निस्तारण

### सीईओ ने जसवंतपुरा में जनसुनवाई का किया पर्यवेक्षण

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले के समस्त उपखण्ड मुख्यालयों पर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया गया जिनमें आमजन की परिदेनाएं प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने जसवंतपुरा के पंचायत समिति सभागार में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का पर्यवेक्षण किया। जसवंतपुरा में आयोजित जनसुनवाई में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने परिवेदनाओं को सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 25 प्रकरण प्राप्त हुए जिन्हें निस्तारण के लिए सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज किया गया। जिले में आयोजित उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर अपने-अपने विभाग से संबंधित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवाई साथ ही विभिन्न योजनाओं से मौके पर लाभांवित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, अनुप्रति योजना, श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी संबंधित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पंचायती राज, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित परिवेदनाएँ प्रस्तुत हुई जिनमें से विभिन्न प्रकरणों का शिविर स्थल पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज किये गये।

## अर्धनग्न होकर अपनी मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** राजस्थान विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायक महासंघ जालोर द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम जिला कलेक्टर निशांत जैन को सौपे ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत सहायकों को संविदा सेवा नियम 2022 में अडॉप्ट कर नियमितिकरण किये जाने के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा घोषणा पत्र में ग्राम पंचायत सहायकों को नियमितिकरण का वादा किया था उसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने संविदा सेवा नियम 2022 बनाये तथा ग्राम पंचायत सहायक को अडॉप्ट की प्रक्रिया में डालने के लिये शिक्षा निदेशालय बीकानेर ने एक प्रस्ताव 13 मई को बनाकर सरकार के पास भेजा था।जो 25 मई अडॉप्ट की प्रक्रिया और 15 जून स्क्रीनिंग की अन्तिम तारीख सरकार के नियमावली अनुसार निकल चुकी हैं । लेकिन अभी तक सरकार ने उस प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही नहीं की है जिसको लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर अर्धनग्न होकर रैली कलेक्ट्रेट से होकर अस्पताल चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर जताया विरोध तथा पुराना बस स्टैंड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया धरना प्रदर्शन वही मुर्गा बनकर जताया विरोध इस दौरान काफी संख्या में विद्यार्थी मित्र उपस्थित थे।

## आकाशीय बिजली से मकान क्षतिग्रस्त, उपकरण जलकर भस्म

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com





**देसूरी।** उपखंड क्षेत्र के केसुली गांव में गुरुवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पटवारी सोहन सिंह यादव ने बताया की आकाशीय बिजली गिरने से दो मकानों में क्षतिग्रस्त हो गए। साथ ही विद्युत मीटर व उपकरण जलकर भस्म हो गये। सरपंच जयदेव सिंह ने बताया कि बिजली गिरने से एक महिला घबराकर अस्वस्थ हो गई। गनीमत रही की बिजली गिरते समय मकान में कोई नही था,जिसके चलते जनहानी टल गई । वही सूचना के बाद केसुली सरपंच जयदेव सिंह चारण, रेवेन्यू इंस्पेक्टर लिकमाराम, पटवारी सोहन सिंह यादव ने मौका निरीक्षण किया। घटना को लेकर उपखण्ड अधिकारी ने भी जानकारी ली। देसूरी में आयोजित जनसुनवाई में केसुली सरपंच ने प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा राशि देने की मांग की।

## गावों की सड़कों का खस्ताहाल, आमजनता परेशान

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com





**मोदरान।** निकटवर्ती गांव मोक से डकातरा तक की सड़क मार्ग पूरी तरह से टूट कर जर्जर हो चुकी है और इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो चुका है। बागरा से सायला को जोड़ने वाली एक सीधी व कम दुरी एकमात्र सड़क है। अगर यह सड़क व्यवस्थित बनती है तो यात्री को आवागमन मे सीधा पड़ेगा साथ ही समय व पैसो की बचत भी होगा। ग्रामीण सुरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया की मोक से डकातरा की सड़क 2012 मे बनी थी जो अभी दस साल मे एक दम टूट चुकी है इस संबंध मे ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की उदासीनता से इस सड़क मार्ग का नवीनीकरण कार्य नहीं हो रहा है। मोक गांव से डकातरा की तरफ बाहर निकलते ही कच्ची सड़क मार्ग होने से वर्षा ऋतु में जगह जगह पानी भर जाता है और वाहन चालकों को वाहन इस मार्ग से निकलना मुश्किल हो जाता है जिस वजह ग्रामीण जनता को 30 किलोमीटर की दूरी तह कर घूम कर जाना पड़ता है ग्रामीणों की मांग है कि जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन को इस मार्ग पर तत्काल भी ध्यान रखकर उचित व्यवस्था करनी चाहिए और मार्ग का डामरीकरण करवाया जाए तो डकातरा व मोक के अलावा दो दर्जन अन्य गावों के लिए भी ग्रामीणों को आवागमन मे राहत मिल सकती हैं।

## नव भारत साक्षरता मिशन को लेकर आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**दांतारामगढ़।** नव भारत साक्षरता मिशन को लेकर आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नानूराम जाट की अध्यक्षता में दांतारामगढ़ पंचायत समिति के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा ने मौजूद साक्षरता मित्रों को नव भारत साक्षरता मिशन की जानकारी थी। उन्होंने साक्षरता मित्रों से कहा कि वे पूरी लगन के साथ अपने गांव में निरक्षर को साक्षर करने का कार्य करें। लाटा ने कहा कि निरक्षर को अक्षर ज्ञान करवाना ही सक्षम नहीं है बल्कि उन्हें आज के युग में डिजिटल जानकारी भी देना आवश्यक है । उन्होंने कहा कि बैंक में पर्ची भरना, मोबाइल में मैसेज देखना सहित जो जरूरी शिक्षा है वह सभी को देनी है। इस मौके पर पलसाना के विकास अधिकारी गोपाल लाल बोचल्या ने कहा कि निरक्षर को साक्षर करने के साथ-साथ आज के युग में आमजन के साथ हो रही धोखाधड़ी के बारे में भी लोगों को सचेत करना चाहिए। उन्होंने आगामी माह में मनाए जाने वाले अमृत महोत्सव के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में ब्लाक साक्षरता अधिकारी हंसराज बाजडोलिया ने भी सभी को अपने कार्य में जुट जाने का आह्वान किया। सूचना सहायक मुकेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक साक्षरता मित्र अपने कार्यों का रिकॉर्ड भी संधारित करें और बैठक में प्रस्तुत करें इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षित बेरोजगार साक्षरता मित्र मौजूद रहे।

## दांता में विशाल शोभायात्रा एवं भण्डारे का हुआ आयोजन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**दांतारामगढ़।** श्री नलापति बालाजी धाम दांता में चल रही रामधुनी के उपलक्ष में गुरुवार को बालाजी महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली गई उसके बाद रुद्राभिषेक हुआ व भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई वापस मन्दिर प्रांगण पहुंची। उसके बाद बालाजी महाराज का रुद्राभिषेक कर महाआरती की गई। दोपहर से बालाजी महाराज को भोग लगाकर विशाल भण्डारा किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं व ग्रामीणों ने बालाजी महाराज की प्रसादी ग्रहण की। गौरतलब है कि पिछले एक माह से नलापति बालाजी धाम में अखण्ड रामधुनी का आयोजन चल रहा हैं। रामधुनी के समापन पर ये सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस मौके पर महिलाएं भजनों पर नाचती गाती दिखाई दी व सैकड़ों की संख्या में मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों व गणमान्य लोगों की भीड़ मौजूद रही।

## स्पीड ब्रेकर व संकेत बोर्ड नहीं, हादसे की आशंका, आखिर कब देगा विभाग ध्यान?

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** जिले के सांचौर क्षेत्र में ग्रामीण सड़क पर स्पीड ब्रेकर एवं संकेत बोर्ड नही होने से आये दिन हादसे बढ़ रहा है । सांचौर से बडसम सड़क पर राजश्री कॉलेज के पास दो बड़ी गोलाई ज्यादा होने के कारण आये दिन हादसे होते है। दोनो गोलाई पर स्पीड ब्रेकर होना जरुरी है हर महिने यहा पर दो तीन हादसे होते रहते है दोनो तरफ गोलाई मे सड़क पर लेकिन संकेत बोर्ड नही लगे हुए हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं लगा संकेत बोर्ड

हमने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी रमेश कुमार को भी अवगत कराया गया है लेकिन मेरी शिकायत दर्ज करने के बावजूद सड़क मार्ग पर संकेत बोर्ड नहीं लगाने से हादसे हो रहे है। ग्रामीणों ने सांचौर से बडसम सड़क मार्ग पर संकेत बोर्ड लगवाने के लिए जिला प्रशासन से मांग किया है।

**करमी राम देवासी, स्थानीय ग्रामीण**

## जेल चौराहे पर ट्रैफिक लाइट चालू नहीं, हादसे को बुलावें का संकेत

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**अलवर।** शहर के जेल चौराहे पर लंबे समय से ट्रैफिक लाइट चालू नही होने से दुर्घटनाओं का अंदेशा ना रहता है। जेल चौराहे पर कई माह पहले हजारों रुपए खर्च कर ट्रैफिक लाइट लगाई गई परंतु अभी तक चालू नहीं हुई है जबकि पास ही क्रॉस प्वाइंट माल है जहां लोगों का ज्यादा आवागमन होता हैं वहीं बाबू शोभाराम महाविद्यालय भी नजदीक है जहां विद्यार्थी आते और जाते हैं। आरटीआई और सामाजिक कार्यकर्ता कपिल मेहरा ने दुर्घटनाओं से बचाने और बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए ट्रैफिक लाइट को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है जिसके लिए मुख्यमंत्री और अलवर पुलिस को टैग करते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रैफिक लाइट चालू करने की मांग की है।

## योजनाओं पर चर्चा कर अल्पसंख्यक अधिकारी का किया स्वागत

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**जालोर।** जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ जालौर की और से गुरुवार को जिलाध्यक्ष रमजान खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार एवं अल्पसंख्यक प्रोग्राम ऑफिसर नंदू सिंह से मुलाकात कर उनके पदस्थापन पर महासंघ द्वारा स्वागत ,अभिनंदन किया गया । महासंघ के जिला मंत्री फिरोज खान ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति का भुगतान करने, बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए ऋण देने ,अल्पसंख्यक विभाग द्वारा महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएं ,मदरसा पैरा टीचर्स की समस्या के बारे मे तथा अल्पसंख्यक बालक बालिका हॉस्टल निर्माण कार्य के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष सहित महासंघ के पदाधिकारियों ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार एवं जिला अल्पसंख्यक प्रोग्राम ऑफिसर का जालोर पदस्थापन पर माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

## टीबी मुक्त राजस्थान अभियान में सीकर प्रदेश में अव्वल, टीम को किया सम्मानित

**गुरूज्योति पत्रिका/सीकर।** राज्य में आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर दो माह 1 मई से 1 जुलाई तक चले गए टीबी मुक्त राजस्थान अभियान में सीकर ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रदेश भर में प्रथम स्थान पर प्राप्त किया है। इसी प्रकार राज्य के ब्लॉकों में जिले के श्रीमाधोपुर ब्लॉक प्रथम स्थान पर रहा है। गुरुवार को राज्य स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विशाल सिंह, बीसीएमओ श्रीमाधोपुर डॉ जेपी सैनी, जिला कार्यक्रम समन्वयक नरेन्द्र नागा, पीपीएम कॉर्डिनेटर रोहित माथुर, एसटीएलएस श्रीमाधोपुर भूपसिंह यादव, एसटीएस जितेंद्र कुमावत को निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ वीके माथुर और राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ वीके गर्ग द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया जिले में बीसीएमओ, एमओ और एसटीएस व एसटीएलएस तथा आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पदस्थापित सीएचओ, एएनएम और आशाओं के सम्मिलित रूप से उत्कृष्ट कार्य कर सीकर जिले को सर्वोच्च स्थान पर पहुँचाया है।

## किसानों से किया सीधा संवाद : लघु और सीमांत कृषकों को मिलेगा अतिरिक्त अनुदान



**गुरूज्योति पत्रिका/रामाजीगुडा।** डायलाना कला ग्राम पंचायत मे सहायक निदेशक कृषि विस्तार बाली डॉ.खुमान सिंह रूपावत ने भ्रमण के दौरान कृषि पर्यवेक्षक क्षेत्र डायलाना कलां, मगरतलाव, बागोल व पनोता में किसानों से संवाद किया।किसानों को कृषि तकनीक, उन्नत बीज व कृषि विभागीय अनुदानित योजनाओं की जानकारी दी।खेत तलाई पर लघु और सीमांत कृषकों को 10500 रू व सिंचाई पाईप लाईन पर 3000 रू के अतिरिक्त अनुदान की जानकारी दी।अंत में किसानों की समस्याओं का समाधान किया।इस दौरान सहायक कृषि अधिकारी मगरतलाव सुजानाराम मेघवाल,कृषि पर्यवेक्षक उगमाराम चौधरी डायलाना कलां, बाबू सिंह सोलंकी बागोल, महावीर प्रसाद पनोता, भीम सिंह यादव कोट सोलंकियान, कृषक केसाराम सीरवी, मगाराम, हिम्मताराम, मांगीलाल काग, गोमाराम सीरवी, कृषक मित्र चेलाराम आदि मौजूद रहे।

## बबूल की झाड़ियों से घिरी ग्रेवल सडक, हादसे को दे रही न्यौता

**गुरूज्योति पत्रिका/देचू।** क्षेत्र की नवगठित खेतसागर ग्राम पंचायत में जाटों का बेरा, जसवंतसिंह की ढाणी से होकर जेठानिया की ओर जाने वाली ग्रेवल सड़क मार्ग पूर्णतः बबूल की झाड़ियों से ढका हुआ हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जेठानिया गांव से जाटों का बेरा व जसवंत सिंह की ढाणीयों से होकर शिवसागर से आसरलाई सरहद की ओर जाने वाला ग्रेवल सड़क मार्ग अंग्रेजी बबूल की झाड़ियों से ढका हुआ हैं। हादसे को न्यौता दे रहा हैं



क्योंकि झाड़ियों के अंदर आवारा विचरण करने वाले पशु और गोलाई के अंदर सामने से आने वाले वाहन चौडाई कम व झाड़ियों के ढके होने की वजह से दिखाई नहीं देने के कारण हादसा घटित हो सकता हैं। इसलिए ग्रामीणों नें इसे कटवाने की मांग की हैं। वार्ड पंच गोपाराम लेगा ने बताया कि इस ग्रेवल सड़क मार्ग पर कृषि सिंचित क्षेत्र व कम दुरी व अधिक आबादी से जुड़ाव के कारण आवागमन अधिक रहता हैं। बबुल झाड़ियों की कटाई व चौडा करने को लेकर प्रशासन को भी कई बार अवगत करवाया लेकिन कार्यवाही नहीं हो रही हैं।

## शहर के अग्रसेन भवन में लाइसेंस खादी रजिस्ट्रेशन के शिविर का हुआ आयोजन



**गुरूज्योति पत्रिका/दातारामगढ़।** फतेहपुर शहर में खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन का शिविर लगाया गया जिसमें व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में 142 नए आवेदन प्राप्त हुए कैंप में शहर के गणमान्य व्यापारी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया कैंप में पार्षद दिनेश बियाला गोविंद पोद्दार अनु सराफ बाबूलाल भोजक महावीर निशानियां इत्यादि लोगों ने खूब सहयोग प्रदान किया। कैंप को रतन गोदारा व मदनलाल बाजिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी उनके द्वारा संचालित किया गया जिसमें 87 लोगों को मौके पर ही लाइसेंस रजिस्ट्रेशन जारी कर प्रदान किए गए। व्यापारियों से अनुरोध किया कि सभी व्यापारी खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन बनवाएं नियमों की पालना करें भविष्य में भी व्यापारियों की मांग पर दोबारा फतेहपुर के व्यापारियों के लिए लाइसेंस रजिस्ट्रेशन के कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें लाइसेंस जारी किए जाएंगे।

# व्याख्याता डीपीसी के नियमों में सरकार ने राहत देने का निर्णय किया, नियमों में होगा संशोधन

### राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ, रेस्टा ने जताया आभार

### वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति के नियमों में संशोधन की कर रहे थे माँग

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जयपुर।** राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा की ओर से वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता डीपीसी हेतु नये सेवा नियमों में संशोधन की मांग की जा रही थी। राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा के प्रदेशाध्यक्ष भेरूराम चौधरी ने बताया कि राजस्थान शैक्षिक (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2021 के तहत वरिष्ठ अध्यापक से स्कूल व्याख्याता के पद पर होने वाली पदोन्नति को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट में कहा गया कि ऐसे अभ्यर्थियों को राहत देने का निर्णय किया गया है, जिन्होंने स्नातकोत्तर पूरा कर लिया था या 3 अगस्त, 2021 तक स्नातकोत्तर में प्रवेश ले लिया था। रेस्टा के प्रदेश प्रवक्ता बसंत कुमार ज्याणी ने बताया कि इन नियमों में संशोधन हेतु संगठन द्वारा राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा द्वारा 24 मई से 7 जून तक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के सामने धरना दिया गया था। तथा 27 जून से 10 जुलाई तक डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल जयपुर पर पुनः धरना देकर सरकार का ध्यानाकर्षण करवाते हुए नियमों में शिथिलता की मांग की गई थी। प्रदेश प्रवक्ता बसन्त कुमार ज्याणी ने बताया कि राजस्थान शैक्षिक (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2021 के अनुसूची-1 में यह नियम है कि वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत अध्यापकों की स्कूल व्याख्याता के पद पर पदोन्नति तभी की जाएगी, जब उनके द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों की अर्हता समान विषय में उत्तीर्ण की गई है, जबकि सीधी भर्ती से होने वाली नियुक्ति में ऐसा कोई नियम नहीं रखा गया है। अधिकांश वरिष्ठ अध्यापकों ने अलग अलग विषयों में स्नातकोत्तर राजस्थान शैक्षिक (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2021 लागू होने से पूर्व कर लिया था। । तब राजस्थान शिक्षा सेवा नियम, 1970 प्रभावी थे, जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर की अर्हता समान विषय मे होने संबंधी कोई बाध्यता नहीं थी। वर्ष 2021 के नियमों के तहत ही प्रथम बार यह योग्यता लागू की गई है तथा इन नियमों को भूतलक्षी प्रभाव से लागू किया गया है। जिसके कारण कई वरिष्ठ अध्यापक पदोन्नति से वंचित हो जाएंगे। न्यायाधीश संदीप मेहता तथा न्यायाधीश कुलदीप माथुर की खंडपीठ में राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता पंकज शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने ऐसे अभ्यर्थियों को राहत देने का निर्णय लिया है, जो स्नातकोत्तर पूरा कर चुके हैं या 3 अगस्त, 2021 तक स्नातकोत्तर कोर्स में प्रवेश ले चुके हैं। शर्मा ने कहा कि इस आदेश के बाद नियमों व अनुसूची में संशोधन की आवश्यकता है, जिसमें कुछ समय लगेगा। रेस्टा के संरक्षक सुरेन्द्र सहारण ने बताया कि संगठन की इसके अलावा भी कुछ मांगें जिसमें अनिवार्य विषयों के व्याख्याता पद सृजन, माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न, वरिष्ठ अध्यापकों के स्थानांतरण पर वरिष्ठता विलोपन, नोशनल लाभ सहित अन्य मांगों पर भी सरकार व विभाग को कई बार अवगत करवाया गया है। यदि शीघ्र ही अन्य माँगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन व बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया जाएगा।

## एजुकेट गर्ल्स संस्था के सहयोग से बालिकाओं के हुए नामांकन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com




**आहोर।** उपखण्ड क्षेत्र के सिन्धलावटी क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में सत्र 2022-23 में नामांकन को लेकर किए जा रहे प्रयास में एजुकेट गर्ल्स संस्था, जालोर द्वारा सरकारी तंत्र का सहयोग करते हुए नामांकन में वृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। समजसेवी व क्षेत्रीय समन्वयक वाग सिंह %पांचोटा% ने बताया कि एजुकेट गर्ल्स संस्था के जिला प्रबंधक रजनीश शर्मा के निर्देशानुसार जिले सहित क्षेत्र भर में अनेक बालिकाओं को स्कूली शिक्षा से जोड़कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण पूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने के साथ साथ ठहराव सुनिश्चित हो सके, इसके लिए सत्र भर एजुकेट गर्ल्स संस्था के स्वयं सेवक व कार्मिक क्षेत्र के विद्यालय व अभिभावकों के साथ साथ समुदाय से निरंतर संपर्क में रहकर आपसी सामंजस्य के माध्यम से शालात्यागी व अनामांकित बालिकाओं के जीवन को शिक्षा के माध्यम से बदलने का कार्य करते हैं। इसी के साथ जो किशोरियां अधिक आयु होने के कारण स्कूल नहीं जा पा रही हैं, उनको राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के माध्यम से पुन शिक्षा से जोड़कर माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा पूर्ण करवाने का कार्य भी समुदाय के सहयोग से किया जा रहा है। जिनको चिन्हित करने का कार्य करते हुए बालिकाओं के नामांकन करवाए जा रहे हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के योग्य बालिकाओं के अभिभावकों को जानकारी देकर भी तैयार किया जा रहा हैं, ताकि समाज में बालिकाओं को शिक्षित कर जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सकें। इसी के मध्य नजर सिंधलावटी क्षेत्र के गांव वलदरा, रोड़ला, भूति, कंवला, पांचोटा, मूलेवा, थुम्बा, प्रतापगढ़ सहित मालगढ़ आदि में एजुकेट गर्ल्स संस्था के क्षेत्रीय समन्वयक वाग सिंह राठौड़ %पांचोटा% द्वारा डोर टू डोर संपर्क करके बालिकाओं सहित अभिभावकों को जागरूक

## निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर 17 जुलाई को बठोठ में होगा आयोजित

### बठोठ में लगने वाले निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का किया पोस्टर विमोचन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**सीकर/लक्ष्मणगढ़।** उपखंड के कस्बा बठोठ में ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन सह आचार्य न्युरोसर्जरी एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर में सेवाएं दे रहे डॉक्टर मुकेश भास्कर एवं फिजियोथेरेपी डॉक्टर मनोज लांबा के तत्वावधान में राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक स्कुल,बठोठ में 17 जुलाई रविवार को निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। लगने वाले शिविर का गुरुवार को ग्रामीणजनो ने ग्राम बठोठ चौक में पोस्टर विमोचन किया गया। युवा स्पोर्ट्स सेवा क्लब के वकील सांखला व हरिराम ढाका ने बताया की शिविर में न्यूरो-स्पाइन एवं फिजियोथेरेपी,मिर्गी रोग,लकवा, पुराना सर दर्द, माइग्रेन, चक्कर आना,रीढ़ की हड्डी में दर्द एवं फ्रैक्चर, ट्यूमर, कमर, हाथ व पैरों में झनझनाहट एवं दर्द,कंपन एवं सुन्नपन, रिंगणबाय, आवाज का लडखडाना,न्यूरो संबंधी सर्जिकल समस्याएं, ब्रेन हेमरेज, ब्रेन ट्यूमर एवं जन्मजात बच्चों के न्यूरो संबंधी विकारों की जांच कर परामर्श देंगे। शिविर के दौरान बठोठ कस्बा में इसी सत्र से शुरू हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जॉइनिंग हुए डॉक्टर बनवारीलाल,नर्सिंग ऑफिसर आनंदीलाल बिस्सु व राजेन्द्र ढाका सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ सेवाएं देने जॉइनिंग करने पर इनका स्वागत किया जायेगा। इस दौरान प्रिंसिपल द्वारका प्रसाद शर्मा,पूर्व सरपंच दानाराम कलवानिया,हरिराम ढाका,महेश गुप्ता,श्रवण पारीक, नरसीदत सोनी,जितेन्द्र शेखावत, पुखराज सोनी, महेश खीचड़,हरलाल कंस्वा, मामराज थालौड़, विजय सैनी,मिठु पारीक,मनिष सैनी, प्रदीप चौहान,विक्रम कलवानिया,सिताराम सोनी,हरदेवाराम ढाक,गिरधारी नायक,नवाब सांखला,बाबुलाल पारीक सहित काफी उपस्थित थे।

## प्रशासन के आदेशनुसार भादवा मेला होगा दो चरणों में आयोजित, पुलिस फोर्स की रहेगी 24 घंटे निगरानी

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com




**रामदेवरा।** प्रदेश का सबसे बड़ा भादवा मेला आधिकारिक रूप से 29 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। 2 वर्ष पश्चात भादवा मेले का आयोजन हो रहा है। इस मेले को लेकर देशभर में रहने वाले लाखों लोगों की नजर है । ऐसे में इस भादवा मेला में रिकॉर्ड श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है ।इसको देखते हुए अब तक प्रशासन की तरफ से दो मेला बैठक का आयोजन भी किया जा चुका है। सभी विभागों के अधिकारियों को भी पाबंद किया जा चुका है कि वे अपने-अपने विभाग के कार्य निश्चित समय पर पूरा करें ताकि भादवा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा व परेशानी नहीं हो। मेला पूर्ण रूप से सफल रहे इसके लिए ग्राम पंचायत भी इन दिनों युद्ध स्तर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कार्य करने में जुटी नजर आ रही है। मुख्य रूप से सड़क पेयजल लाइट चिकित्सा सहित अन्य सुविधाओं के लिए विभागीय अधिकारियों को पूर्व में ही पाबंद किया जा चुका है। गौरतलब है कि बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने के लिए अधिकांश लोग अपने निजी वाहन लेकर आते हैं ग्राम पंचायत की तरफ से नाचना चौराहा के पास पोकरण रोड के पास अस्थाई रूप से वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है लेकिन इसके अलावा अन्य रास्तों से भी लगातार श्रद्धालु अपने निजी वाहन लेकर आते हैं । ऐसे में मेला परिसर क्षेत्र में तीन से चार जगह अगर वाहन पार्किंग की सुविधा होगी तो यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी। विशेषकर रेलवे स्टेशन के आसपास वीरमदेवरा के आसपास व आरसीपी गोदाम के पास अगर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाए तो लोगों को अपना वाहन खड़ा करने के पश्चात वहां कतार में खड़ा होने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत परेशानी नहीं होगी। पोकरण रोड से आने वाले लोगों को आरसीसी रोड की तरफ जाने में काफी असुविधा व परेशानी भी होती है।

## छात्र ने मैन हाईवे पर सीमेंटेड ब्लॉक पत्थरों के अतिक्रमण को हटाकर राहगीरों के आवागमन में की मदद



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**सीकर।** जयपुर-झुंझुनू बायपास दासा की ढाणी रेलवे फाटक के पास मैन हाईवे रोड पर किसी पत्थर सीमेंटेड ब्लॉक की ट्रॉली से पत्थर रोड पर गिर जाने से हाईवे रोड पर आने जाने वाले वाहनों के आवाजाही में बांधा उत्पन्न हो रही थी। जिसे देखते हुए राजकीय पीजी विधि महा विद्यालय सीकर के छात्र नवदीप सिंह जाटोलिया ने सभी पत्थरों को मेन रोड से हटाकर अन्यत्र डाला। जिससे राहगीरों को आवागमन के आसानी हुई जिसकी विधि महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने सराहना की।

## ठेकेदार ने खडकाली के मनोहर को गुजरात लेकर गया वहां ठेकेदार ने बंधक बनाकर करवाया काम

### मनोहर के 15 महीने की बकाया मजदूरी मांगने पर ठेकेदार व उनके सहयोगियों ने की हत्या,

### पांचौड़ी थाना प्रभारी द्वारा मुकदमा दर्ज न करने पर परिजनों ने एसपी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com




**नागौर।** फर्नीचर कार्य के लिए ठेकेदार ने खडकाली के मनोहर को गुजरात लेकर गया वहां ठेकेदार निंबाराम ने बंधक बनाकर कराया एवं मजदूर मनोहर के 15 महीने की बकाया मजदूरी मांगने पर ठेकेदार व उनके सहयोगियों ने की हत्या करने के मामले को लेकर मृतक मजदूर के पिता ने नागौर एसपी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है ।

खड़काली निवासी रेवन्तराम पुत्र आसाराम जाट ने एसपी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि मेरे रिश्तेदार निंबाराम पुत्र दीपाराम जाट निवासी बैराथल कला तहसील खींवसर है मेरा लड़का मनोहर ताण्डी उम्र 18 वर्ष जो निम्बाराम के साथ गुजरात में फर्नीचर बनाने का कुशल कारीगर था आज से लगभग ढाई साल पूर्व निम्बाराम हमारे गांव खड़काली मे आया और कहा कि आपका लड़का फर्नीचर का अच्छा कार्य करता है । इसको यहां मजदूरी कम मिलती है और मेरे साथ में इनको गुजरात लेकर जाउगा तो वहा 18 हजार रुपए प्रति माह व खर्च अलग से दूगा जिस समय हमने ठेकेदार निम्बाराम पर विश्वास करके मेरे लड़के मनोहर को निम्बाराम के साथ गुजरात भेज दिया ।वहा पर मेरा लड़का मनोहर रात-दिन मजदूरी करता ओर ठेकेदार को अच्छे पैसा कमाकर देता था । पिछली दीपावली को मेरा लडका घर आया तो बताया कि ठेकेदार निम्बाराम सही ढंग से नही रखता है और उसके बराबर मजदूरी नहीं देता है व बात-बात पर हमें धमकाता है इसके बाद हमने समझाइश करके मनोहर को वापिस गुजरात फर्नीचर के काम लिए वापस भेज दिया । उसके बाद ठेकेदार निम्बाराम मनोहर को परेशान करने लगा एवं कई बार मारपीट भी की ओर मेरे पुत्र को गांव नहीं आने दे रहा था। मेरा पुत्र मेरे को छुप-छुप के फोन किया ओर कहा पापा मुझे आकर यहा से ले जाओ वरना निम्बाराम और उसके आदमी मुझे मार देगे। मेरा पुत्र इस परेशानी की वजह से बीमार पड़ गया। ओर निम्बाराम ने मोबाइल नंबरों से बात की ओर कहा कि आपका पुत्र बीमार चल रहा है और उसका सही से इलाज करवा दूंगा लेकिन ठेकेदार ने किसी भी प्रकार से इलाज नहीं करवाया और पडताडीत करने लगा झूठा दिखावा करने के लिए शर्मा हॉस्पिटल अहमदाबाद लेकर गया लेकिन मनोहर की हालत गंभीर होने से उसे हायर सेंटर इलाज करने हेतु रेफर की पर्ची लिखा लेकिन इलाज नहीं करवा कर मेरे को फोन किया कि आज शाम को जोधपुर आ जाओ मै मेरे मनोहर की गाड़ी लेकर जोधपुर गया वहां पर निम्बाराम मेरे पुत्र मनोहर की हालत मृत्यु अवस्था जैसी थी ओर पीठ पर गहरी चोटे थी हाथो पर चोट के निशान थे । निम्बाराम ने कहा कि इस अच्छे हॉस्पिटल मे दिखाएं । ठेकेदार निम्बाराम ने गंभीर हालत मे छोड़कर वापस गुजरात के लिए रवाना हो गया । ओर अपना फोन भी बंद कर लिया। मेरे पास ईलाज के लिए पैसा नही होने कि वजह से मै मेरे पुत्र को रात की 2:30 बजे जोधपुर से गांव खडकाली लेकर आ गया। मनोहर मुंह से कुछ नहीं बोल पा रहा था उसके बाद हमने सुबह ही 6:00 बजे मै ओर मेरा भाई लिछमणराम दोनो ने हॉस्पिटल लेकर गये तो डॉक्टर ने मेरे पुत्र को मृत घोषित कर दिया। हमें कुछ समझ नहीं पाते उससे पहले सोहनराम, देवाराम, मेगाराम ने कानूनी कार्रवाई किये बगैर ही लाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मैने कहा कि पुलिस को बुलाओ लेकिन कहा कि बाद मे कानूनी कार्रवाई कर लेगे। उसके बाद ठेकेदार निम्बाराम को पूछा तो कहा कि फोन पर गाली-गलौज कि मेरे पुत्र मनोहर कि 15 माह का भुगतान भी बाकी है एटीएम व जरूरी दस्तावेज भी निम्बाराम के पास पड़ा है। पीड़ित परिजन ने एसपी से आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है ।

स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक संतोषचंद्र द्वारा जी.एन.ऑफसेट प्रिंटर्स अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेंटर, जोधपुर से मुद्रित एवं विनायक नगर ए, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, वार्ड नं08 भीनमाल जिला जालौर (राजस्थान) से प्रकाशित। मो.9887894894 TC NO. RAJHIN27936